## सार-समाचार

### ‘श्रीमद्भागवत मंगलपाठ’ पुस्तक का विमोचन

**चिड़ावा** (निसं)। शहर के कॉलेज रोड पर पोद्दार पार्क स्थित परमहंस पीठ सनातन आश्रम में बावलियां बाबा की प्रतिमा के समक्ष आयोजित समारोह में वाणी भूषण प्रभुशरण तिवाडी द्वारा रचित ‘श्रीमद्भागवत मंगलपाठ’ की प्रथम पुस्तक अतिथियों के कर कमलों द्वारा विमोचित की गई। समारोह के दौरान मंगल पाठ रचयिता प्रभुशरण तिवाडी ने पुस्तक की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह ग्रंथ 136 पृष्ठों में संकलित है तथा इसे सात अध्यायों में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मंगलपाठ में चौपाई, दोहा, सौरठा, छंद, स्तुति एवं गीतों के माध्यम से संपूर्ण श्रीमद्भागवत का सार अत्यंत सरल एवं सुगम शैली में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि जो श्रद्धालु भागवत सप्ताह का आयोजन करने में सक्षम नहीं हैं, वे इस मंगलपाठ के माध्यम से एक ही दिन में संपूर्ण भागवत का पाठ कर सकेंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होगा। विमोचन समारोह में उपस्थित विद्वानों एवं अतिथियों ने इस कृति को अत्यंत उपयोगी एवं जनहितकारी बताया। समारोह का वातावरण भक्ति एवं श्रद्धा से ओत-प्रोत रहा। इस मौके पर वैद्य जनार्दन शर्मा, प्रवासी उद्योगपति हुकमीचंद लाम्बीवाला, डॉ एलके शर्मा शिक्षाविद हीरालाल शर्मा खाजपुर, देवदत्त शर्मा, रामनिवास जांगिड, अशोक सुरोलिया, पूर्व पार्षद शिवलाल सैनी, कैप्टेन शंकरलाल महरानिया, डॉ. शंभू पंवार, कांतिप्रसाद हलवाई ,कवि नगेंद्र शास्त्री, बालकृष्ण चौरासिया, गिरधर गोपाल महमिया, रजनीकांत मिश्रा, सुरेश शेखावत, तेजप्रकाश सोनी, मनीष शर्मा, महेन्द्र रणवा, मातादीन महर्षि, रत्तीराम जांगिड, डॉ अशोक शर्मा अरडावतिया सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया

**सीकर** (निसं)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 4 मार्च बुधवार को जिले के चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया और निशुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए कूपन दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है, लेकिन 27 फरवरी से 3 मार्च तक राजकीय अवकाश होने के कारण चार मार्च को दिवस मनाया गया। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की गई और पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती की एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए।

### क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**सीकर,** (निसं)। राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर में राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत राजस्थान को जानें विषय पर एक रोचक एवं ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में राजस्थान के इतिहास, संस्कृति, भूगोल एवं विरासत के प्रति जागरूकता एवं रुचि विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रेम परिहार के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें राजस्थान के ऐतिहासिक स्थलों, लोक परंपराओं, प्रसिद्ध व्यक्तित्वों एवं सांस्कृतिक धरोहर से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान एवं त्वरित उत्तर देने की क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंकिता द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. हंसराज रैगर, क्विज समिति संयोजक डॉ. विपिन कुमार बगडिया, सदस्य पूनम पंजाबी, संकाय सदस्य संदीप कुमार सैनी, एनएसएस इकाई प्रथम प्रभारी मधुसूदन जांगिड़ एवं इकाई द्वितीय प्रभारी माधुरी कुमावत उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में अनिल शेषमा ने प्रथम, देवेश शर्मा ने द्वितीय तथा अजय, वेदिका एवं रुचिका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**पाटन** (निसं)। थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ के मामले में करीब दो माह से फरार चल रहे आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। थानाधिकारी रमेश मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 जनवरी को पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आरोप लगाया कि रोहित यादव उसके घर में घुसकर अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी। कोटपूतली, बहरोड और बानसूर सहित विभिन्न क्षेत्रों में सघन खोजबीन की गई। आखिरकार मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### ‘पुलिस और मीडिया समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ’

**चूरू** (निसं)। एसपी जय यादव के डीआईजी पद पर पदोन्नित और उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में मंगलवार को सूचना केंद्र में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसपी जय यादव ने कहा कि जिले में पुलिस और मीडिया के बेहतर समन्वय से अपराधियों में डर, आमजन में विश्वास का उद्देश्य साकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस और मीडिया दोनों ही समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। इनके सकारात्मक सहयोग से अपराधों पर अंकुश लगने के साथ-साथ आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। यादव ने मीडिया की रचनात्मक भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह पुलिस के कार्यों को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार, डीएसपी सुनील झाझडिया और एपीआरओ मनीष कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने भी जय यादव की कार्यशैली की प्रशंसा की।

### सांवरिया सरकार का वार्षिकोत्सव 20 को

**रतनगढ़** (निसं)। शहर के श्री मठाधीश शिवालय प्रांगण में सांवरिया सरकार का तृतीय वार्षिकोत्सव 20 मार्च, शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि 8:15 बजे से प्रभु इच्छा तक भव्य भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी सुरेश कुमार मुरारका ने बताया कि आयोजन के तहत अखंड ज्योति, भगवान का अलौकिक श्रृंगार, फूलों की होली, इत्र वर्षा, धमाल एवं श्याम खजाना जैसे विशेष आकर्षण श्रद्धालुओं के लिए केंद्र बिंदु रहेंगे। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक एस.पी. वर्मा एवं संजय मुरारका अपने भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भावविभोर करेंगे। मुरारका ने कहा कि इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य समाज में भक्ति, सेवा एवं सद्भावना का संदेश प्रसारित करना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने एवं धर्म लाभ लेने की अपील की।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

**सीकर** (निसं)। जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं जिला परामर्शदात्री समिति की समीक्षा प्रथम तिमाही दिसम्बर-2025 की बैठक अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रतन कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में एडीएम रतन कुमार ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है।

### जीणमाता मेला 19 से , मजिस्ट्रेट नियुक्त

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर जीणमाता मेला 19 मार्च से 26 मार्च 2026 तक ग्राम जीणमाता में आयोजित किया जाएगा। मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए कानून व्यवस्था एवं व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए मोनिका सामोर उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट दांतारामगढ़ को मेला मजिस्ट्रेट तथा शैलजा शेखावत तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दांतारामगढ़ को सहायक मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

### रात्रि चौपाल कार्यक्रमों का निर्धारण

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर फरवरी माह में होनी वाली रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों का निर्धारण कर दिया है। उन्होंने बताया कि 11 मार्च को फतेहपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तिहावली, 18 मार्च को नेछवा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रूल्याणी, 25 मार्च 2026 को खण्डेला पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तपीपल्या में रात्रि चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री के विजन के साथ आत्मनिर्भर हो रही महिलाएं : विधायक हरलाल सहारण

**चूरू** (निसं)। विधायक हरलाल सहारण व जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को चूरू चौपाटी में आयोजित राजसखी मेले और राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ओडीओपी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, पूर्व उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा सहित अतिथियों ने गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने राजीविका व ओडीओपी उत्पादों की लगाई गई स्टालों का अवलोकन कर उत्पादों की जानकारी लेते हुए कला और कौशल की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि राजसखी मेला स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के साथ महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) योजना के माध्यम से जिले के विशिष्ट उत्पादों को पहचान और स्थानीय कारीगरों को



विधायक हरलाल सहारण व कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने चूरू चौपाटी में आयोजित राजसखी मेले और राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित ओडीओपी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

प्रोत्साहन मिल रहा है। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पाद गुणवत्ता और विविधता के मामले में किसी से कम नहीं हैं।

बसंत शर्मा ने कहा कि ओडीओपी प्रदर्शनी जिले की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार से कारीगरों को नई संभावनाएं मिल रही हैं। इस दौरान अतिथियों ने राजीविका व ओडीओपी उत्पादों की स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान कमला, बाला, मंजू, शारदा, रंजना कुमावत, सरोज, राजनंदिनी, लिछमा व रेणु आदि राजीविका महिलाओं को अतिथियों ने टैबलेट प्रदान किए। इसी क्रम में ग्रीन डेज इंटीरियो, द सीएसआर इन्वेस्टर्स, ड्रीम होम इंटीरियर्स, फलोरेस्टा वुड आदि उद्यिमयों को ओडीओपी नीति अंतर्गत सहायता राशि के चेक प्रदान किए व चूरू जिले ओडीओपी उत्पादों के लिए तैयार कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया।

**■ विधायक सहारण व जिला कलेक्टर सुराणा ने राजसखी मेले शुभारंभ किया**

अतिथियों ने राजीविका की आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के अंतर्गत एकता सीएलएफ थैलासर व जयश्री बालाजी सीएलएफ सुजानगढ़ आदि 02 सीएलएफ को वाणिज्यिक वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विभिन्न स्टालों पर जाकर उत्पादों की गुणवत्ता, निर्माण प्रक्रिया और विपणन से जुड़ी जानकारी भी ली तथा महिला समूहों को प्रोत्साहित किया।

एसीईओ व राजीविका डीपीएम भागचंद खारिया ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उद्योग महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने ओडीओपी प्रदर्शनी की जानकारी दी। इस दौरान भास्कर शर्मा, सुरेश सारस्वत, सीपी शर्मा, नारायण बेनीवाल, नरेंद्र कंवल, रजत शर्मा, सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ. रामगोपाल सेपट, उद्योग सहायक आयुक्त उजाला, रमेश शर्मा, इमरान खान, मुकेश महर्षि सहित अनेक लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका चौधरी ने किया।

## टैंकर की चपेट में आने से दो वर्षीय मासूम की मौत

**चिड़ावा** (निसं)। शहर के वार्ड नंबर 18 स्थित चिड़ावा कॉलेज के पास मंगलवार को एक हृदयविदारक हादसा घटित हुआ, जिसमें एक दो वर्षीय मासूम बच्चे की जान चली गई। मिली जानकारी के अनुसार, मोहम्मद अल्तमश पुत्र मोहम्मद अनीश शेख अपने घर के सामने खेल रहा था, तभी एक तेज रफ्तार वॉटर टैंकर ने उसे कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि मासूम अल्तमश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे के तुरंत बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शोर सुनकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गहरा शोक और भारी आक्रोश देखा गया। हादसे को अंजाम देने के बाद वॉटर टैंकर का चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टैंकर को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक बच्चे के दादा अनवर शेख ने इस संबंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## ‘गर्मी में किसी को पीने के पानी के लिए मोहताज नहीं होना पड़ेगा’

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर में रतनगढ़ जलदाय विभाग के एक्सईएन महेंद्र काटीवाल ने जहाँ जलापूर्ति कम होती है उन जगहों पर अपनी पूरी टीम के साथ निरीक्षण किया एवं आगामी गर्मी के मौसम में किसी भी उपभोक्ता को पीने के पानी के लिए मोहताज नहीं होना पड़े इसके लिए विभाग ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। जलदाय विभाग के एक्सईएन काटीवाल ने राजलदेसर आपणी योजना में संचालित जलदाय विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के साथ ही उन्होंने खाकी धोरा टंकी का भी निरीक्षण किया वहां पर वॉल्व लीकेज होने की सूचना मिली थी उन्होंने तुरंत अपनी टीम के साथ जाकर निरीक्षण किया एवं दिशा निर्देश दिए साथ ही आगामी गर्मी को देखते हुए जहां-जहां पीने का पानी का संकट होता है वहां पर अभी से कर्मचारियों को अलर्ट रहने की बात कहीं। साथ ही कोई भी समस्या हो तो संबंधित जलदाय विभाग कार्यालय में सूचना करने की अपील की। इसके अलावा काटीवाल ने बताया अमृत योजना के तहत राजलदेसर में पीने के पानी की तीन टंकियों का निर्माण कार्य होना है जिसमें दो टंकी का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं एक टंकी का कार्य अति शीघ्र ही शुरू हो जाएगा । जुलाई माह के अंदर इन टंकियां के माध्यम से कस्बे में अलग-अलग पाइपलाइन के माध्यम से उपभोक्ताओं के घरों में पानी की सप्लाई सुचारू करवाई जाएगी एवं भविष्य में राजलदेसर में पीने का पानी का संकट नहीं होगा इसके अलावा उन्होंने जलदाय विभाग के बकाया पानी के कनेक्शन का भुगतान को लेकर कहा कि इसके लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है अगर कोई भी उपभोक्ता समय रहते हुए पीने का पानी का बकाया बिल का भुगतान नहीं करेगा उसका जलदाय विभाग द्वारा कनेक्शन काट दिया जाएगा।

साथ ही कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी साथ ही महेंद्र कुमार ने कहा अगर गर्मी के ऋतु में जहां पर पानी की सप्लाई नहीं पहुंच रही है इसके लिए अगर टैंकर की जरूरत होगी तो टैंकर भी शुरू किए जाएंगे। उन्होंने निर्माणाधीन टंकियों व पुराने जलदाय विभाग का भी निरीक्षण किया। साथ ही भाटी धोरा पर स्थित बंद पडा ट्यूबवैल को भी आगामी एक-दो दिनों में चालू करने की बात कही।

# करीब 40 लाख रुपये की लागत की 6 बीघा भूमि विद्यालय को दान दी

**राजलदेसर** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जेगणिया बिदावतान को गांव के किसान व गायत्री उपासक रूपाराम कड़वासरा ने 40 लाख की 6 बीघा जमीन खरीद कर विद्यालय को दान की। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास को भामाशाह व ग्रामीण जनों ने राजलदेसर तहसीलदार हरदीप सिंह के सानिध्य में कागजात सौंपे गए।

इससे पूर्व रूपाराम कडवासरा ने अपने पिता की स्मृति में एक कमरा बनाकर दिया था। शिक्षा विभाग की ओर से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास ने माला व दुपट्टा पहनाकर भामाशाह का अभिनंदन व सम्मान किया तथा इनके समस्त परिवार के उत्तम स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। सभी ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

भामाशाह प्रेरक अध्यापक सत्यवीर सिंह यादव थे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राकेश कुमार, वाईस




राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जेगणिया बिदावतान को गांव के किसान व गायत्री उपासक रूपाराम कड़वासरा ने 40 लाख की 6 बीघा जमीन खरीद कर विद्यालय को दान की।

प्रधानाचार्य प्रीतम सिंह, अध्यापक सत्यवीरसिंह यादव, पूर्व सीबीइओ धनाराम प्रजापत, पूर्व प्रधानाचार्य सत्यनारायण पुरोहित, व्याख्याता रिखा राम तालणिया, दौलतराम जाट, भगवानदास स्वामी भादर भामू , गणेशा राम सीलु, लिखमाराम कड़वासरा, मोहनलाल सीलु, महेश सांखोलिया, पोकरदास स्वामी, रामचंद्र सीलु, हरिचंद कडवासरा,भजनलाल मीणा , लिखमाराम सीलु सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# तत्कालीन तहसीलदार और पटवारी पर मिलीभगत का आरोप

**सुजानगढ़** (निसं)। तहसील के ग्राम मगरासर में राजस्व रिकॉर्ड में कथित रूप से गलत तरीके से नामान्तरण दर्ज करने एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीण हनुमानाराम पुत्र पालाराम ने जिला कलेक्टर चूरू को शिकायती पत्र सौंपकर तत्कालीन तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार मीणा और पटवारी रूपचन्द चौधरी पर मिलीभगत कर पद के दुरूपयोग का आरोप लगाया है। शिकायत पर कलेक्टर ने सुजानगढ़ एसडीएम को प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। शिकायत में प्रार्थी हनुमानाराम ने बताया है कि वर्ष 2023 में प्रशासन गांवों के संग अभियान में तत्कालीन उपखंड अधिकारी द्वारा ग्राम मगरासर के विभिन्न खसरों के संदर्भ में सार्वजनिक बारहमासी प्रचलित रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में गैर मुमकिन रास्ता घोषित कर इसे दर्ज करने का आदेश दिया था। इस आदेश के तहत खसरा नंबर 1115/554 (रकबा 0.0554 हेक्टेयर) को गैर मुमकिन रास्ता घोषित किया गया था।

प्रार्थी हनुमानाराम ने आरोप लगाया है कि अतिरिक्त संभागीय आयुक्त

**■ राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी की शिकायत की**

बीकानेर के एक निर्णय का सहारा लेकर खातेदार उगाराम, तत्कालीन तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार मीणा एवं पटवारी रूपचंद चौधरी पर मिलीभगत कर नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। शिकायत में हनुमानाराम ने बताया है कि रविवार को अवकाश के दिन रात्रि 8:24 बजे तत्कालीन तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार मीणा ने नामान्तरण संख्या 2108 दर्ज कर उसे स्वीकृत कर दिया। राजस्व रिकॉर्ड में भूमि का क्षेत्रफल वास्तविक रकबे से अधिक (8.4166 हेक्टेयर) दर्ज कर दिया गया, जबकि मूल रकबा कम था। इस प्रक्रिया में प्रार्थी के खेत तक जाने वाले सार्वजनिक रास्ते के इंद्राज को रिकॉर्ड से हटा दिया गया तथा बैंक एनओसी नहीं शिकायत में बताया गया है कि उक्त भूमि बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, शाखा कानूता में रहन थी, लेकिन बैंक की एनओसी के बिना ही रिकॉर्ड में बदलाव कर दिए गए। प्रार्थी ने इस मामले के विरुद्ध राजस्व मण्डल अजमेर में अपील दायर की थी। प्रार्थी हनुमानाराम का आरोप है कि तत्कालीन तहसीलदार को अपील की सूचना देने के बावजूद उन्होंने प्रार्थना पत्र को फाड दिया और नियमों के विरुद्ध जाकर कार्यवाही जारी रखी। हनुमानाराम ने कलेक्टर से दोषी तहसीलदार और पटवारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने तथा राजस्व रिकॉर्ड को पुनः पूर्व स्थिति में बहाल करने की मांग की है। इस शिकायत की प्रतियां राजस्व मण्डल अजमेर और राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री को भी भेजी गई हैं। सुरेन्द्र कुमार मीणा, तत्कालीन तहसीलदार, सुजानगढ़ ने बताया कि मेरे कार्यभार संभालने के समय 48 नामांतरण पेडिंग थे तथा भू प्रबंध विभाग का गांव लॉक करने का दबाव था। संभागीय आयुक्त महोदय के निर्णयानुसार यह नामांतरण किया गया था। मैं दोनो ही पक्षों को नहीं जानता हूं और मेरी किसी का भी हित या अहित करने की कोई मंशा नहीं थी, यह नामान्तरण भी अन्य की तरह रूटीन में ही हुआ है।

# ‘घरेलू गैस सिलेण्डरों की अनावश्यक बुकिंग एवं संग्रहण ना करें’

**सीकर** (निसं)। जिला रसद अधिकारी सीकर विजेंद्र पाल ने बताया कि खाद्य विभाग जयपुर एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के निर्देशानुसार 17 मार्च 2026 मंगलवार को खाद्य विभाग के सतर्कता दल ने जिले में इण्डेन ग्रामीण वितरक थोई की जांच की तथा सिमारला में सुभाष चंद पुत्र दुर्गाप्रसाद निवासी सिमारला श्रीमाधोपुर के घर दुकान की जांच करने पर भारी मात्रा में कुल 124 खाली भरे सिलेण्डर पाये गये।

इस दौरान जांच सुभाष चंद के मकान में 90 घरेलू गैस सिलेण्डर पाये गये जिसमें से 18 भरे हुए पाये गये तथा 72 सिलेण्डर खाली मिले तथा व्यवसायिक श्रेणी के 28 सिलेण्डर खाली पाये गये एवं 5 किग्रा श्रेणी के 6 सिलेण्डर भरे हुए पाये गये। मौके पर सुभाष चंद के पास खाली भरे सिलेण्डरों के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं पाये जाने के कारण सभी 124 खाली भरे सिलेण्डर जब्त कर थोई इण्डेन ग्रामीण वितरक थोई को सुपुर्द किये। सुभाष चंद के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 एवं 6 ए के

**■ सिमारला में मारा छापा, 124 अवैध सिलेण्डर मिले**

तहत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। जांच दल में जयराम प्रवर्तन अधिकारी, सुनीता वर्मा प्रवर्तन अधिकारी, अनुराग बैरवाल प्रवर्तन निरीक्षक एवं सुरमि मीणा प्रवर्तन निरीक्षक शामिल थे। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बुकिंग ने अनुरूप आपूर्ति नही करने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा द्वारा उपखण्ड अधिकारी के नेतृत्व में त्रिस्तरीय जांच कमेटी भी गठित की गई है, जो नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखेंगे तथा गैस एजेन्सियों की जांच भी करेंगे। सभी अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर परिषद सीकर को नगरीय क्षेत्र के मुख्य स्थानों पर घरेलू गैस सिलेण्डर के संबंध में बुकिंग एवं शिकायत के लिए कस्टमर केयर नं. 181,112 एवं विभागीय हैल्पलाईन नं. 14435 होर्डिंग पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये गये तथा कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। जिला कंट्रोल रूम दूरभाष नं. 01572-251008 है। जिला विक्रय अधिकारियों से हुई वार्तानुसार जिले में भारत एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार व्यावसायिक सिलेण्डरों की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। जिले में घरेलू एवं व्यवसायिक सिलेण्डरों की मांग व आपूर्ति पर पैनी नजर रखी जा रही है। जिले में घरेलू गैस सिलेण्डरों की किसी भी प्रकार भी कमी नही है। आज तेल कम्पनियों के विकय अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार सुबह का प्रारम्भिक स्टॉक लगभग 17707 घरेलू गैस सिलेण्डर तथा लगभग 14062 घरेलू गैस सिलेण्डरों की जिला सीकर में आवक हुई, जिसमें से लगभग 15835 घरेलु गैस सिलेण्डरों का वितरण किया गया। जिला सीकर में घरेलू गैस सिलेण्डरों की किसी भी प्रकार की कमी नही है। उपभोक्ता अनावश्यक बुकिंग एवं अनावश्यक घरेलू गैस सिलेण्डरो का संग्रहण न करें।

## कार्यशाला आयोजित

**सीकर** (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर प्रभावी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तरीय उपनिदेशक राजेन्द्र चौधरी के दिशा-निर्देशन में पर्यवेक्षक सुनीता चौधरी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, लैंगिक समानता, पोषण, सुरक्षा एवं विभिन्न विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित ग्रामसाथिनों, महिला क्लब सदस्यों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र महिलाओं एवं बालिकाओं तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायतों-नागवा, ताजसर, खेजड़ोलियान एवं शाहपुरा-में नारी चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

# कोर्ट के आदेश से खुला गुगन की ढाणी का रास्ता

**झुंझुनूं/बुहाना।** (निसं)। कई वर्षों से तारों की बाड़ में घिरे गुगन की ढाणी के वाशिंदों को आखिरकार आज़ादी मिल ही गई। न्यायालय के आदेश की सख्त पालना करते हुए सोमवार को राजस्व प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में बंद पड़े रास्ते को खुलवा दिया। लंबे समय से अवरुद्ध इस मार्ग के खुलने से ग्रामीणों के जीवन में बड़ी राहत आई है।

तहसीलदार बजरंग लाल जाखड़ के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने सिंघाना व बुहाना पुलिस के सहयोग से जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर और मजदूरों की मदद लेकर अवैध कटानियों को हटाया और रास्ते को साफ कराया।

ग्राम ठोठवाल की राजस्व सीमा से गुगन की ढाणी तक जाने वाले इस मार्ग को खसरा नंबर 35, 46 और 47 में विधिवत खुलवाया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर पुलिस का भारी जाब्ता तैनात रहा ताकि किसी प्रकार का विवाद न हो। इस दौरान भू-अभिलेख निरीक्षक



गुगन की ढाणी में वर्षों से बंद पड़े रास्ते को खुलवाया।

राजेश मीणा, श्रवण कुमार सैनी, पटवारी प्रदीप कुमार (सांवलोद) और संजय मान (बुहाना) सहित पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

**संघर्ष रंग लाया, ढाणी में खुशी की लहरः-** रास्ता खुलते ही ढाणी में खुशी का माहौल छा गया। वर्षों से आवागमन के लिए जूझ रहे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीण विजय

**■ वर्षों की घुटन खत्म- प्रशासन ने जेसीबी चलाकर हटाई बाधाएं, ग्रामीणों को मिला आवागमन का अधिकार**

तूंदवाल, जो इस मुद्दे को लेकर लगातार प्रयासरत थे, ने कहा कि हम सालों से तारों की बाड़ में कैद थे। आने-जाने का कोई रास्ता नहीं था। आज न्याय मिला है।

**सख्त कार्रवाई से मिला स्पष्ट संदेशः-** प्रशासन की इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि सार्वजनिक रास्तों पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। न्यायालय के आदेश पर बिना किसी दबाव के कार्रवाई कर प्रशासन ने ग्रामीणों को उनका हक दिलाया और कानून के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दिखाई।